**Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com**
**Website- www.gpgcbazpur.in**

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) सात दिवसीय विशेष शिविर प्रतिवेदन**

**दिनांक: 23-29 मार्च 2026**

**शिविर स्थल- राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टांडा गौरू**

**प्रथम दिवस - 23 मार्च 2026**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज दिनांक 23 मार्च 2026 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टांडा गौरू में उत्साहपूर्वक किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता एवं जन-जागरूकता की भावना का विकास करना है।

शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी.के. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, टांडा गौरू के प्रधानाचार्य श्री पंकज राज बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. बी.के. सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए NSS के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि NSS विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है, जो उनमें अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को विकसित करता है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शिविर की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री पंकज राज बिश्नोई ने महाविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी एवं डॉ. प्राची फर्त्याल के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों को शिविर की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिविर के दौरान आज स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें जिसमें राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाजपुर से डॉ. अशोक कुमार तोमर के नेतृत्व में चिकित्सा दल ने शिविर का भ्रमण किया। डॉ. तोमर ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने प्राथमिक उपचार (First Aid) के बारे में भी बताया तथा आवश्यक आपातकालीन दवाइयों का वितरण किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

स्वयंसेवकों ने भगत सिंह के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति एवं त्याग की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। यह सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव सिद्ध होगा, जो उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।












डॉ. अनिल कुमार सैनी
डॉ. प्राची फर्त्याल
कार्यक्रम अधिकारी

**द्वितीय दिवस- 24 मार्च 2026**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन उत्साह, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत योगासन, प्राणायाम एवं शारीरिक व्यायाम से हुई, जिसका संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी के मार्गदर्शन में किया गया। इस सत्र में स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक एकाग्रता एवं शारीरिक सुदृढ़ता के महत्व से अवगत कराया गया।

प्रातःकालीन सत्र के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर की सफाई, कूड़ा-करकट का निष्पादन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। इसी सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र बसेरा शिविर के निरीक्षण हेतु पधारे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए NSS की भूमिका को चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के संदर्भ में विस्तार से समझाया। उन्होंने स्वयंसेवकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। अपराह्न सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर की प्राध्यापिका डॉ. भावना कापकोटी ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण, आसपास के पेड़-पौधों एवं जैव विविधता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता, पौधों के महत्व तथा वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक किया। इस ज्ञानवर्धक सत्र ने स्वयंसेवकों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया। इसी सत्र में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वयंसेवकों के साथ जीवन, समाजीकरण, आत्म-पहचान (Self-awareness) एवं 'इकिगाई' (Ikigai) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्य को पहचान सकता है और अपनी रुचियों एवं क्षमताओं के अनुसार सही दिशा का चयन कर सकता है।

सांध्यकालीन सत्र में खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में टीम भावना, ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। रात्रि भोज के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की गई, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा गीतों का अभ्यास किया गया। इस गतिविधि ने शिविर में सांस्कृतिक समरसता एवं मनोरंजन का वातावरण निर्मित किया। इस प्रकार,

प्रकार, NSS विशेष शिविर का द्वितीय दिवस ज्ञान, सेवा, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के समन्वय के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।











डॉ. अनिल कुमार सैनी
डॉ. प्राची फर्त्याल
कार्यक्रम अधिकारी

**तृतीय दिवस – 25 मार्च 2026**

सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रातःकालीन सत्र में योगासन, प्राणायाम एवं शारीरिक व्यायाम के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य स्वयंसेवकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। प्रातः कालीन सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नारों का उदघोष किया और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाया। स्वयंसेवकों के प्रयासों से प्रेरित होकर ग्रामवासियों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली।
इसी सत्र में विश्वविद्यालय की NSS समन्वयक डॉ. शुभांगी चन्याल ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए NSS के महत्व, इसके उद्देश्यों तथा व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने NSS प्रमाणपत्र के कैरियर में उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी, जिससे स्वयंसेवकों को भविष्य के प्रति नई दिशा मिली।

बौद्धिक सत्र में डॉ. अतुल उप्रेती ने "मानव शरीर रचना (Human Anatomy)", मोबाइल के सही उपयोग तथा महाविद्यालय में उपस्थिति के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं मोबाइल के सीमित एवं सकारात्मक उपयोग की सलाह दी। इसके पश्चात बन्नाखेड़ा चौकी के प्रभारी श्री सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ शिविर में पहुंचे। उन्होंने स्वयंसेवकों को "गौरा देवी ऐप" के बारे में जानकारी दी, जो बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने साइबर अपराध एवं उससे बचाव के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की, जिससे स्वयंसेवकों में जागरूकता बढ़ी।

सायंकालीन सत्र में डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. विकास रंजन एवं डॉ. जया कांडपाल ने शिविर का दौरा किया और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कुछ अभिभावक भी शिविर में उपस्थित हुए और NSS के महत्व एवं इसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस प्रकार के शिविरों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

रात्रि भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया, जिससे टीम भावना और समन्वय की भावना को बढ़ावा मिला। इस प्रकार NSS विशेष शिविर का तृतीय दिवस अत्यंत प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक एवं सामाजिक जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com**

**Website- www.gpgcbazpur.in**

---













डॉ. अनिल कुमार सैनी

डॉ. प्राची फर्त्याल

कार्यक्रम अधिकारी

**चतुर्थ दिवस- 26 मार्च 2026**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस की शुरुआत प्रतिदिन की भांति प्रातःकालीन शारीरिक व्यायाम, योगासन एवं प्राणायाम से हुई। इस सत्र में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल की स्वच्छता सुनिश्चित की गई। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर साफ-सफाई अभियान चलाया, जिससे स्वच्छता के प्रति उनकी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का परिचय मिला। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" , "स्वस्थ समाज का निर्माण करें" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें शराब एवं अन्य नशे की लत के दुष्प्रभावों को जीवंत रूप में दर्शाया गया। इस प्रस्तुति ने ग्रामीणों पर गहरा प्रभाव डाला और उन्हें नशे के प्रति सचेत किया।

बौद्धिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय, बाजपुर के एंटी-ड्रग सेल के समन्वयक डॉ. जाहिद मुस्तफा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इसी सत्र में संस्कृत विभाग की डॉ. मेहनाज बानो भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भारतीय साहित्य की महान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि साहित्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को नैतिक मूल्यों एवं आदर्श जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खेल, फोटोग्राफी एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर अपने दिन को आनंदमय बनाया। यह सत्र स्वयंसेवकों के बीच आपसी सहयोग एवं टीम भावना को बढ़ाने में सहायक हुआ। शाम के समय रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. ललित कुमार एवं हिंदी विभाग के डॉ. नितिन नितिन कुमार ने भी शिविर का दौरा किया। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया तथा शिविर शिविर की गतिविधियों की सराहना की। अंततः, चतुर्थ दिवस का समापन सकारात्मक ऊर्जा, नई

सीख एवं सामाजिक जिम्मेदारी के भाव के साथ हुआ। यह दिन नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।












डॉ. अनिल कुमार सैनी
डॉ. प्राची फर्त्याल
कार्यक्रम अधिकारी

**पंचम दिवस– 27 मार्च 2026**

पंचम दिवस की शुरुआत प्रतिदिन की भाँति प्रातःकालीन शारीरिक व्यायाम, प्राणायाम एवं योगाभ्यास के साथ हुई। इस सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी द्वारा स्वयंसेवकों को एक्यूप्रेशर (Acupressure) के महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शरीर के विभिन्न बिंदुओं को सक्रिय करके कई प्रकार के रोगों से राहत पाई जा सकती है, जिससे स्वयंसेवकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी।

प्रातःकालीन सत्र में स्वयंसेवकों को चार टीमों में विभाजित कर गांव के विभिन्न घरों में भेजा गया। प्रत्येक टीम ने लगभग 6–7 घरों का भ्रमण किया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर अपना परिचय दिया तथा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों–जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, साक्षरता और अधिकारों–पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा समाज में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में स्वयंसेवकों द्वारा महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें नारों के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं समान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र दीपक एवं दिनेश ने शिविर में आकर अपने अनुभव साझा किए, जिससे स्वयंसेवकों को प्रेरणा मिली। साथ ही पूर्व NSS स्वयंसेवकों ने भी शिविर में भाग लेकर अपने अनुभव बताए और विशेष शिविर के महत्व एवं उससे मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी।

दोपहर के भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रसंघ अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बोरा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, वरिष्ठ छात्र रितिक यादव एवं अन्य वरिष्ठ छात्रों ने शिविर का दौरा किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए NSS के महत्व, चरित्र निर्माण, सामाजिक सेवा तथा राष्ट्र सेवा में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया और स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात बौद्धिक सत्र में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. मनप्रीत सिंह ने स्वयंसेवकों को कर (Tax) एवं निवेश (Investment) के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने प्रारंभिक आयु से ही बचत एवं निवेश की आदत विकसित करने पर जोर दिया तथा चक्रवृद्धि ब्याज

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com**

**Website- www.gpgcbazpur.in**

(Compounding) के लाभों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उनके व्याख्यान से स्वयंसेवकों को वित्तीय जागरूकता प्राप्त हुई।

सांध्यकालीन सत्र में NSS जिला समन्वयक धर्मेन्द्र बसेड़ा ने शिविर का निरीक्षण किया एवं सहज योग ध्यान का आयोजन कराया। ध्यान सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने मानसिक शांति एवं एकाग्रता का अनुभव किया तथा वर्तमान की व्यस्त एवं भागदौड़ भरी जीवनशैली में ध्यान के महत्व को समझा। रात्रि भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने समापन (Valedictory) कार्यक्रम हेतु सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास किया। इस प्रकार पंचम दिवस विभिन्न ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सामाजिक जागरूकता से भरपूर गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।













डॉ. अनिल कुमार सैनी

डॉ. प्राची फर्त्याल

कार्यक्रम अधिकारी

**छठा दिवस – 28 मार्च 2026**

एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन उत्साह, ऊर्जा और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर का प्रारंभ प्रातःकालीन दिनचर्या के अनुसार शारीरिक व्यायाम, योग एवं प्राणायाम से किया गया। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा शिविर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता के महत्व को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस गतिविधि से स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। इसके पश्चात श्री रंजीत सिंह, जो कि बाजपुर के योग प्रशिक्षक हैं, ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में योग के दैनिक जीवन में महत्व एवं चरित्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। स्वयंसेवकों ने योग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने अपने अनुभव एवं ज्ञान के आधार पर संतोषजनक उत्तर दिया। इस सत्र का स्वयंसेवकों पर गहरा प्रभाव पड़ा और उन्होंने योग को नियमित जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

बौद्धिक सत्र में डॉ दरसन सिंह काम्बोज ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने मानव शरीर की रासायनिक संरचना (केमिस्ट्री) के बारे में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पैकेज्ड फूड की रसायनिकी और उसके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों को पैकेज्ड फूड का सेवन कम करने तथा प्राकृतिक, घर के बने एवं ताजे भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें टीम भावना, सहयोग एवं नेतृत्व कौशल का विकास हुआ। रात्रि भोजन के पश्चात शिविर में कैम्पफायर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने शिविर में उत्साह एवं सौहार्द का वातावरण उत्पन्न किया। इस प्रकार एनएसएस शिविर का छठा दिन ज्ञान, अनुशासन, स्वच्छता एवं मनोरंजन का संतुलित संगम रहा, जिसने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

राष्ट्रीय सेवा योजना

**Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com**

**Website- www.gpgcbazpur.in**













डॉ. अनिल कुमार सैनी

डॉ. प्राची फर्त्याल

कार्यक्रम अधिकारी

**सातवाँ दिवस- 29 मार्च 2026**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवाँ एवं अंतिम दिन अत्यंत उत्साह, अनुशासन तथा भावनात्मक वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः कालीन शारीरिक व्यायाम, योग एवं प्राणायाम से हुआ, जो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस सत्र ने स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से ऊर्जावान बनाया। योग सत्र के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर परिसर की स्वच्छता का कार्य किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पॉलीथिन का उपयोग बंद करने, वृक्षारोपण करने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने गाँव के लोगों से संवाद स्थापित कर विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्राची फर्त्याल ने स्वयंसेवकों को अनुशासन एवं करियर निर्माण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है।

बौद्धिक सत्र के पश्चात एक भव्य समापन सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी.के. सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान, टांडा गौरू श्री सतनाम सिंह बल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पॉलीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड के एचआर श्री मनेंद्र सिंह एवं वॉलीबॉल कोच श्री प्रदीप सामरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें गायन, नृत्य, एंकरिंग एवं भाषण जैसी प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में पधारे मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों कोकार्यक्रम का संचालन बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा एवं स्वयंसेवक अर्माना द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी ने सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों, ग्राम प्रधान एवं समस्त ग्रामीणों का उनके सहयोग एवं समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
राष्ट्रीय सेवा योजना
**Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com**
**Website- www.gpgcbazpur.in**

समापन सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात स्वयंसेवकों ने अपने सामान को समेटा और शिविर के दौरान बिताए गए यादगार क्षणों को साझा किया। सात दिनों के इस शिविर ने सभी स्वयंसेवकों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला, जिसके कारण उन्होंने शिविर की अवधि बढ़ाने की इच्छा भी व्यक्त की। अंत में सभी स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को भावभीनी विदाई दी। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवक अपने-अपने सामान के साथ राजकीय महाविद्यालय बाजपुर परिसर के लिए रवाना हुए और वहाँ से अपने परिवारजनों के साथ अपने घरों को प्रस्थान किया। इस प्रकार NSS का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता एवं सेवा भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।








डॉ. अनिल कुमार सैनी
डॉ. प्राची फर्त्याल
कार्यक्रम अधिकारी